बहस के परिपेक्ष्य में पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि ग्राम रामपुरा दूदा पटवार क्षेत्र धोलादांताछछ II भू. अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र काबरा तहसील ब्यावर जिला अजमेर (राज.) की जमाबन्दी संवत् 2061–64 में अंकित खाता संख्या 42 खसरा नम्बर 216, 219, 211 की भूमियां नारायण वल्द मकना 1 हि. व अन्ना भंवरू पि. घीसा 1/2 हि. व पन्ना गणेश पि. दल्ला 1/2 हि. कौम रेगर सा. देह खातेदार दर्ज है एवं इस जमाबन्दी में नामान्तरकरण नोट से जरिये विरासत वारिसान के नाम नामान्तरकरण अंकित किए हुए हैं जिसमें से उक्त भूमियों का श्री पन्नालाल व गणेश पिसरान दल्ला व अन्ना, भंवरू पिसरान घीसा कौम रेगर द्वारा अपने हक हिस्से का बेचाननामा दिनांक 24.06.1972 राशि रू. 2500/– से श्री सुखदेव वल्द लाखाजी जाति रावत को विक्रय किया जाना अंकित है।

इसी प्रकार खाता संख्या 45 खसरा नम्बर 166, 167, 174, 789, 334, 335 की भूमियां श्री पन्ना गणेश पि. दल्ला 3 हि. नारायण वल्द मकना 1 हि. अन्ना भंवरू पि. घीसा 1 हि. मोती वल्द कुन्ना ना.बा. बरसरबराही मां खुद कंकू 1 हि. नारायण वल्द केशा 1 हि. कौम रेगर सा देह खातेदार के नाम दर्ज है एवं इस जमाबन्दी में नामान्तरकरण नोट से जरिये विरासत वारिसान के नाम नामान्तरकरण अंकित किए हुए हैं जिसमें से ख.नं. 334, 335, 174 को श्री पन्नालाल व गणेश पिसरान दल्ला व अन्ना, भंवरू पिसरान घीसा कौम रेगर द्वारा अपने हक हिस्से का बेचाननामा दिनांक 24.06.1972 राशि रू.2500/– से श्री सुखदेव वल्द लाखाजी जाति रावत को विक्रय किया जाना अंकित है एवं खसरा नम्बर 789 को श्री पन्ना वल्द दल्ला व बरतीराम, कैलाश, किशोर, मांगीलाल पिसरान गणेशजी , श्रीमती भंवरी बेवा गणेश जी जाति रेगर ने जरिये कतई बेचान का इकरार पत्र दिनांक 28. 04.2006 से श्री मोहनसिंह, गणपतसिंह पिसरान सुखदेवसिंह जाति रावत को विक्रय किया जाना अंकित है एवं खसरा नम्बर 166, 167 को श्री पन्नालाल वल्द दल्ला जाति रेगर द्वारा अपने हक हिस्से की पूरी भूमि इकरार बेचान का दिनांक 11–07–1997 राशि रू.45000/– से श्री सुखदेवसिंह वल्द लाखासिंह जाति रावत को विक्रय का इकरार किया जाना अंकित है। तहसीलदार द्वारा अपने वाद पत्र में अंकित खसरा नम्बर 181 बाबत् बेचान अथवा बेचान के इकरार से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये हैं अतः इस खसरा नम्बर 181 पर अनुतोष दस्तावेज साक्ष्य के अभाव में नहीं दिया जा सकता है ।

इसी प्रकार खाता संख्या 76 खसरा नम्बर 273, 274 की भूमि श्री मोती वल्द कुन्ना ना.बा. बरसबराही मु. कंकू वगैरह कौम रेगर सा. देह खातेदार के नाम दर्ज है एवं इस जमाबन्दी में नामान्तरकरण नोट से जरिये विरासत वारिसान के नाम नामान्तरकरण अंकित किए हुए हैं जिसमें से श्री पन्नालाल वल्द दल्ला जाति रेगर द्वारा अपने हक हिस्से की पूरी भूमि इकरार बेचान का दिनांक 11–07–1997 राशि रू.45000/– से श्री सुखदेवसिंह वल्द लाखासिंह जाति रावत को विक्रय का इकरार किया जाना अंकित है।

इसी प्रकार खाता संख्या 46 खसरा नम्बर 336 व 337 की भूमि श्री पन्ना गणेश पिता दल्ला कौम रेगर सा. देह खातेदार के नाम दर्ज है एवं इस जमाबन्दी में नामान्तरकरण नोट से जरिये विरासत वारिसान के नाम नामान्तरकरण अंकित किए हुए हैं जिसमें से श्री पन्नालाल व गणेश पिसरान दल्ला व अन्ना, भंवरू पिसरान घीसा कौम रेगर द्वारा अपने हक हिस्से का बेचाननामा दिनांक 24.06.1972 राशि रू.2500/– से श्री सुखदेव वल्द लाखाजी जाति रावत को विक्रय का इकरार किया जाना अंकित है। उक्त बेचान का इकरार नोटेरी से तस्दीक भी नहीं हैं। पटवारी हल्का ने कब्जा प्रति.सं. 1 व 2 का होना बताया है।

...............लगातार

उपखण्ड अधि. एवं सहा. कलक्टर, ब्यावर

(सुरेश चौधरी)
उपखण्ड अधि.एवं सहायक कलक्टर
ब्यावर

